डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow.
उत्तर प्रदेश सरकार,
मोहान रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226 017
वेबसाइट : http://dsmru.up.nic.in

//कार्यालय ज्ञाप//

विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न विषयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों द्वारा किये गये अनुरोध के क्रम में उनके शैक्षणिक भविष्य के दृष्टिगत निर्गत किये गये कार्यालय–ज्ञाप संख्या–1665/पत्रा0सं0–179(III)/DSMNRU/शुल्क निर्धारण/2020–21, दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 को संशोधित करते हुए अध्ययनरत् समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियों द्वारा शैक्षिक सत्र 2019–20 एवं 2020–21 हेतु पाठ्यक्रम सम्बन्धित समस्त शुल्क जमा नहीं किया गया है, उन विद्यार्थियों के भविष्य को दृष्टिगत शुल्क जमा कराये जाने हेतु अंतिम अवसर प्रदान करते हुए स्ववित्तपोषित पाठयक्रम में अध्ययनरत् विद्यार्थियों को विलम्ब शुल्क धनराशि रू० 500/– एवं अन्य समस्त पाठयक्रमों में धनराशि रू० 300/– विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक–25 जनवरी, 2021 तक अनिवार्य रूप से जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक–1975 /पत्रा0सं0–179(III)/DSMNRU/शुल्क निर्धारण/2020–21/दिनांक:16जनवरी, 2021

<u>प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–</u>

1. कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
4. समस्त अधिष्ठाता/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5. समस्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
6. विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
7. समस्त विभागों में सम्बद्ध पटल सहायक/कम्प्यूटर आपरेटर को निर्देशित किया जाता है कि वे विभाग में अध्ययनरत् विद्यार्थियों की सेमेस्टरवार शुल्क प्राप्ति का विवरण तैयार करते हुए उसकी एक–एक प्रति लेखानुभाग/परीक्षा नियत्रंक कार्यालय को अग्रसारण के क्रम में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।
8. शाखा प्रबन्धक, बैक ऑफ बड़ौदा, शाखा–मोहान रोड को निर्देशित किया जाता है कि विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु जमा किये जाने वाले फीस चालान को विभागीय कार्यालय की पुष्टि के उपरान्त ही सम्बन्धित खाता संख्या में जमा किया जाना सुनिश्चित करें।
9. विश्वविद्यालय के समस्त नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(बिन्दू त्रिपाठी)
सहायक कुलसचिव